प्रतिदर्श प्रश्न पत्र—2019

मनोविज्ञान

केवल प्रश्नपत्र

कक्षा—12

समय : 3 घण्टे 15 मिनट **पूर्णांक : 100**

नोटः (1) सभी प्रश्न अनिवार्य है।

(2) प्रश्न संख्या—1 बहुविकल्पीय है। प्रश्न संख्या—2 से 6 निश्चित उत्तरीय (एक वाक्य) है। प्रश्न संख्या 7 से 12 अति लघु उत्तरीय है, जिनका उत्तर लगभग 25 शब्दों में, प्रश्न संख्या—13 से 18 लघु उत्तरीय हैं जिनका उत्तर लगभग 50 शब्दों में तथा प्रश्न संख्या—19 से 21 दीर्घ उत्तरीय हैं, जिनका उत्तर लगभग 250 शब्दों में देना है।

(3) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

(बहुविकल्पीय प्रश्न)

1—(क) केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र के अवयव हैं— 1

(क) मस्तिष्क

(ख) मेरुरज्जु या सुषुम्ना

(ग) मस्तिष्क एवं मेरुरज्जु

(घ) मस्तिष्क एवं कपालीय तंत्रिकाएँ

(ख) कोहलर के अनुसार किसी समस्या का समाधान अचानक या एकाएक स्पष्ट हो जाता है क्योंकि— 1

(क) इसमें चिन्तन प्रक्रिया होती है।

(ख) यह प्रयास एवं त्रुटि पर आधारित है।

(ग) यह प्रबलन पर आधारित है।

(घ) यह उद्दीपन—अनुक्रिया सम्बन्ध है।

(ग) स्मृति प्रक्रिया का सही क्रम है— 1

(क) अधिगम ⟶ पहचान ⟶ धारण ⟶ पुनःस्मरण

(ख) अधिगम ⟶ धारण ⟶ पुनःस्मरण ⟶ पहचान

(ग) पहचान ⟶ अधिगम ⟶ धारण ⟶ पुनःस्मरण

(घ) पहचान ⟶ धारण ⟶ अधिगम ⟶ पुनःस्मरण

(घ) गणित में प्रयुक्त ' + ' अथवा ' **X** ' के चिन्ह को चिन्तन के संदर्भ में कहते हैं— 1

(क) प्रतिमा

(ख) सम्प्रत्यय

(ग) कल्पना

(घ) प्रतीक

(ङ) एक व्यक्ति की वास्तविक आयु 30 वर्ष है तथा मानसिक आयु 25 वर्ष है। उसकी बुद्धिलब्धि होगी— 1

(क) 125 (ख) 100

(ग) 150 (घ) 90

<u>निश्चित उत्तरीय प्रश्न</u>

2— कान के दो प्रमुख कार्य क्या हैं? 1

3— अधिगम को प्रभावित करने वाला कोई दो प्रमुख सामाजिक कारक लिखिए। 1

4— फ्रायड के द्वारा प्रतिपादित 'विस्मरण' की परिभाषा लिखिए। 1

5— शारीरिक बनावट तथा स्वभाव के आधार पर शैल्डेन ने व्यक्तित्व के कितने प्रकार बताए हैं? 1

6— शाब्दिक परीक्षण के माध्यम से किन व्यक्तियों का परीक्षण नहीं हो सकता है? 1

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

7— अधिगम के लिए 'तत्परता के विचार' का क्या अर्थ है? 4

8— विस्मरण के किन्ही दो कारणों का उल्लेख कीजिए? 4

9— पूर्वाग्रह निवारण में शिक्षा किस प्रकार सहायक है? 4

10— अधिगम अंतरण से आप क्या समझते हैं? 4

11— मानव—निर्मित पर्यावरण से क्या अभिप्राय है? 4

12— प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदा में सोदाहरण अन्तर स्पष्ट कीजिए। 4

लघु उत्तरीय प्रश्न

13— स्वायत्त तंत्रिका तंत्र किस प्रकार आपातकालीन स्थितियों में कार्यव्यवहार करने में हमारी सहायता करता है? 6

14— वर्तमान परिप्रेक्ष्य में मानव व्यवहार एवं पर्यावरण के मध्य सम्बन्ध की व्याख्या कीजिए 6

15— 'अधिगम पठार' से क्या आशय हैं? 6

16— 'आदतों के प्रकार' पर टिप्पणी लिखिए। 6

17— व्यक्तित्व मापन हेतु वाक्य—पूर्ति या कहानी—पूर्ति परीक्षण का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 6

18– रूढ़ियुक्तियाँ क्या होती है? इसकी किन्ही तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 6

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

19– क्रियाप्रसूत अनुबंधन द्वारा अधिगम प्रक्रिया को स्पष्ट कीजिए। 10

अथवा

प्राकृतिक आपदाओं के कारण मानव जीवन पर कौन–कौन से मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ते हैं? इस प्रभाव के निराकरण सम्बन्धी उपायों का वर्णन कीजिए। 5+5

20– मनुष्यों में भाषा का अर्जन किस प्रकार होता है? 10

अथवा

मनोवैज्ञानिक परीक्षण से आप क्या समझते हैं? एक अच्छे मनोवैज्ञानिक परीक्षण में कौन–कौन सी विशेषताएँ होनी चाहिए? 5+5

21– अनुबंधन से क्या आशय है? प्राचीन अनुबंधन सिद्धान्त का विस्तृत विवरण दीजिए। 10

अथवा

अन्तर्वैयक्तिक वातावरण के विषय में विस्तार से लिखिए। 10

*****